भर्ती हेतु सूचना
परामर्शदाता–चौकसी, निगरानी एवं मूल्यांकन (एनवीएचसीपी)

सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी), नई दिल्ली स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय (एमओएचएफडब्लू) की ओर से पूर्णतः संविदा आधार पर उपर्युक्त पद के लिए योग्य अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित करता है।

भूमिकाएं और दायित्वः

- 'राष्ट्रीय वायरल हेपेटाइटिस नियंत्रण कार्यक्रम' और केंद्र एवं राज्यों में समय–समय पर निर्धारित इसके लक्ष्यों को कार्यान्वित करने के लिए **तकनीकी सहायता प्रदान करना।**

- इस पहल के तहत विभिन्न स्तरों पर चौकसी, निगरानी एवं मूल्यांकन संबंधी गतिविधियों के लिए प्रमुख (फोकल) व्यक्ति की सहायता करना।

- इस पहल के तहत सभी प्रयोगशालाओं में **मानक प्रचालन प्रक्रियाओं**, जैव चिकित्सा–अपशिष्ट प्रबंधन और जैव–सुरक्षा दिशानिर्देशों और आंतरिक गुणवत्ता नियंत्रण के **कार्यान्वयन को सुनिश्चित करना** और बाहरी गुणवत्ता मूल्यांकन योजना (ईक्यूएएस) में भागीदारी करना।

- कार्यस्थल के दौरों के माध्यम से **पर्यवेक्षण करना** और पहल के तहत राज्य और जिला प्रयोगशालाओं को सुदृढ़ करने के लिए तकनीकी सहायता प्रदान करना;

- राज्य और जिला प्रयोगशालाओं में किए गए प्रयोगशाला परीक्षणों की रिपोर्टों को एनवीएचएमयू को **समय पर भेजना सुनिश्चित करना**;

- इस पहल के तहत जिला प्रयोगशालाओं और राज्य रेफरल प्रयोगशाला नेटवर्क के कामकाज की **नियमित निगरानी करना** और इसके लिए आईडीएसपी के साथ समन्वय करना;

- तकनीकी सहायता उपलब्ध कराने के लिए **राज्यों और जिलों की यात्रा करने का इच्छुक** और निर्धारित समय सीमा में कार्यों को पूर्ण करने के लिए एक साथ विभिन्न कार्य करने की योग्यता।

- आवश्यकता पड़ने पर वायरल हेपेटाइटिस के लिए त्वरित प्रतिक्रिया टीम (आरआरटी) के सदस्य के रूप में **महामारी/प्रकोप जांच में भागीदारी करना** और नमूना संग्रह और नमूने के परिवहन में सहयोग प्रदान करना।

- **साहित्य की समीक्षा करना** और वायरल हेपेटाइटिस की रोकथाम और नियंत्रण के लिए पहल के संबंध में स्वास्थ्य प्रणालियों को सुदृढ़ करने में मौजूदा चलन की अद्यतन जानकारी रखना।

- नियमित आधार पर पहल के घटकों पर **राज्य और राष्ट्रीय डेटा एकत्रित करना और उनका विश्लेषण करना।**

- पहल के लिए समन्वय और इनपुट को शामिल कर राज्यों की **कार्यक्रम कार्यान्वयन योजना (पीआईपी) के लिए जिम्मेदार।**

- कार्यक्रम के लिए बजट और वित्तीय योजना तैयार करना।

- पहल के तहत **जिला और राज्य स्तर पर क्षमता निर्माण करना।**

- **ईक्यूएएस से संबंधित सभी कार्यों में समय–समय पर सहयोग प्रदान करना।**

- **अध्ययन/मूल्यांकन प्रोटोकॉल/दिशा निर्देश** तैयार करना और आवश्यकतानुसार अनुसंधान अध्ययन करना और/या मार्गदर्शन करना।

- रिपोर्टिंग अधिकारी द्वारा समय–समय पर सौंपे गए अन्य कार्य करना।

पात्रता मापदंडः

अनिवार्य योग्यताएं एवं न्यूनतम अनुभव

भारतीय चिकित्सा परिषद (एमसीआई) द्वारा मान्यताप्राप्त एमबीबीएस के साथ जन स्वास्थ्य/चिकित्सा/या किसी अन्य संबंधित क्षेत्र में स्नातकोत्तर योग्यता।

न्यूनतम अनुभवः

जन स्वास्थ्य में 2 वर्ष का अनुभव।

अन्य वांछनीय कौशल

- आम तौर पर इस्तेमाल किए जाने वाले पैकेजों, जैसे कि एमएस–वर्ड, एक्सेल, पॉवर पाइंट और सुसंगत डेटा एवं दस्तावेजों को तलाशने के लिए वेब सर्फिंग की उच्च स्तरीय जानकारी सहित कंप्यूटर में प्रवीणता।
- उत्कृष्ट संप्रेषण तथा प्रस्तुति कौशल, विश्लेषणात्मक एवं अंतर्वैयक्तिक क्षमताएं, अंग्रेजी में उत्कृष्ट मौखिक और लिखित संप्रेषण कौशल। हिंदी का कार्यसाधक ज्ञान भी वांछनीय है।
- विविध प्रकार के टीम परिवेश में कार्य करने की क्षमता।
- फील्ड स्तर पर स्वास्थ्य कार्यक्रम को क्रियान्वित करने का अनुभव।
- तकनीकी सहायता उपलब्ध कराने के लिए राज्यों और जिलों की यात्रा करने का इच्छुक और निर्धारित समय सीमा में कार्यों को पूर्ण करने के लिए एक साथ विभिन्न कार्य करने की योग्यता।

औपचारिक शैक्षणिक योग्यता, अनुभव और आयु में छूट दी जा सकती है जब उच्च गुणवत्ता का प्रकाशित कार्य हो या जब-कभी विशिष्ट महत्व का कार्य अनुभव हो।

आयु सीमाः आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि को 45 वर्ष तक।

पारिश्रमिकः 60,000–90,000/– रु. (साठ हजार से नब्बे हजार रुपये प्रति माह)।

आवेदन करने के लिएः अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे एनएचएसआरसी की वेबसाइट पर अपलोड किए गए भर्ती हेतु सूचना के साथ संलग्न आवेदन पत्र को डाउनलोड कर विधिवत भरे हुए आवेदन पत्र को **23-Nov-2018** तक ncdc.mohfw@gmail.com पर ई–मेल कर दें। किसी अन्य प्रारूप में प्रस्तुत किया गया आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। कृपया सुनिश्चित करें कि आवेदन पत्र पर आवेदन किए गए पद का उल्लेख किया गया है, अन्यथा आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा।